हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 18 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

इंडियन आइडल फेम मेनुका ने देशभक्ति गीतों से बांधा समां 4



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### यादव समाज आज मनाएगा श्री कृष्णाजन्माष्टमी

**हसौद।** ग्राम हसौद में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व सोमवार 17 अगस्त को मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर होंगे। अध्यक्षता दिवाकर यादव जिला अध्यक्ष झरिया यादव समाज सक्ती करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, निर्मल सिन्हा पूर्व विधायक मालखरौदा, कैलाश साहू पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, गोपी सिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष ,संपूर्णानंद मिश्रा एवं आसपास के ग्राम के सरपंच एवं बीडीसी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम एवं तहसील हसौद के यादव समाज के युवा जुटे हुए हैं। यह कार्यक्रम बाजार चौक राम मंदिर के पास होगा ।

### लगरा में शुरू हुआ फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट

**पामगढ़।** जनपद पंचायत पामगढ़ की ग्राम पंचायत लगरा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए फिकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट का संचालन शुरू किया गया है। यह पहल गांव के अलावा अन्य आसपास गांव की लंबे समय से चली आ रही एक छुपी समस्या टॉयलेट टैंकों और गड्ढों में जमा मानव मल कीचड़ के सुरक्षित निपटान के लिए की गई है। स्वच्छ भारत अभियान की टीम ने जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को समझाया और बताया कि सिर्फ झाड़ू लगाना सफाई नहीं है, असली सफाई तब होती है जब टॉयलेट टैंक के अंदर की गंदगी भी सुरक्षित तरीके से बाहर निकाली जाए और उसका ट्रीटमेंट किया जाए। इसके बाद स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत लगरा को यूनिट के संचालन के लिए राशि 47 लाख स्वीकृत किए गए। संचालन की जिम्मेदारी ज्वाला प्रसाद खूंटे को सौंपी गई है। अब तक 4 टैंक की सफाई की जा चुकी है।

### थाना में जमा कराएं धारदार हथियार, जांच में पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई

**बिर्रा।** बिर्रा पुलिस ने धारदार हथियारों की जांच और कार्रवाई की तैयारी की है। थाना प्रभारी जय कुमार साहू ने बटन चाकू, तलवार एवं अन्य हथियार हो तो थाने में जमा कराने की अपील की है। अगर पुलिस के द्वारा खोजबीन की जाती है और किसी के पास कोई भी हथियार मिलता है तो पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### दस बिंदुओ को आधार मानकर दी जानी है बच्चो को शिक्षा

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में धरातल पर नजर नहीं आ रही संस्कार योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के आंगनबाडी केन्द्रों में संस्कार योजना धरातल पर नजर नहीं आ रही है। दस बिंदुओ को आधार मानकर बच्चो को बौद्धिक एवं मानसिक विकास की शिक्षा दी जानी है, लेकिन केन्द्रों में इस तरह की गतिविधियों का संचालन नहीं हो रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चाम्पा जिले के पांच ब्लाक को मिलाकर करीब 1200 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है, जहां संस्कार योजना का संचालन किया जाना है ताकि बच्चों को सामान्य अध्ययन एवं मध्यान भोजन के साथ दस प्रमुख बिंदुओ को आधार मानकर संस्कार योजना के तहत बच्चो को शिक्षा दी जानी है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रमुख रूप से बच्चों को सामान्य अध्ययन के साथ साथ अंग्रेजी सिखाना, देश दुनिया का सामान्य ज्ञान, कलाकृति के माध्यम से पढ़ाना, बच्चो के कला कौशल के बारे में उनके पालकों को जानकारी देना, छोटे बच्चो को अपने शरीर की सफाई, पढाई लिखाई से होने वाले लाभ, पौष्टिक भोजन करने से लाभ, बच्चों को नियमित रूप से छोटे छोटे होमवर्क, पालको को अपने बच्चो को पढ़ाने प्रेरित करना के अलावा मनोरंजन के माध्यम से पढाने पर फोकस किया जाना है। इन सब के बावजूद इस पर ध्यान तक नहीं दिया जाता, जिसके चलते आंगनबाड़ी केन्द्रों मे पढ़ने लिखने वाले बच्चों को संस्कार योजना का लाभ तक नही मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि संस्कार योजना महज बच्चों को केन्द्र तक लाने एवं उन्हें मध्यान भोजन कराने तक ही सिमटकर रह गया है। आंगनबाडी केन्द्रों में संस्कार योजना धरातल पर नजर तक नहीं आ रहा है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने लिखने वाले करीब तीन साल से छह साल तक के बच्चों को मीनू चाट के अनुसार अलग-अलग दिनों के हिसाब से भोजन दिया जाना रहता है, लेकिन इस तरह की गतिविधियां केन्द्रों तक नजर नही आती। चार्ट सिस्टम तो दूर की बात बच्चों को केन्द्रों में महज चांवल एवं दाल ही ठीक ढंग से मिल पाता है, जिसके चलते बच्चों को परेशानी भी होती है, जबकि बच्चों को मध्यान भोजन में पौष्टिक भोजन के अलावा दलिया एवं चना गुड का वितरण भी किया जाना रहता है।



आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चे।

### तीन सौ से अधिक केन्द्र जुगाड़ के भवन में

जिले के नवागढ, पामगढ, अकलतरा, बलौदा एवं बम्हनीडीह ब्लाक को मिलाकर एक हजार दौ सौ से अधिक आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से तीन सौ से भी अधिक आंगनबाड़ी केन्द्र या तो जुगाड के भवन या फिर किराए के भवन में संचालित किए जा रहे है। ऐसे आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक कमरे या बरामदे में ही पूरी व्यवस्था संचालित हो रही है। इसके चलते बच्चों के साथ ही आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को काफी परेशानी होती है। कई आंगनबाड़ी केन्द्रों में तो बरसात का पानी भर जाता है, जिसके कारण केन्द्र का संचालन करने में परेशानी होती है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार अफसरो को कोई सरोकार नहीं है।

#### ली जाएगी जानकारी

आंगनबाडी केन्द्रों में पढ़ने लिखने वाले बच्चों को सामान्य अध्ययन मध्यान भोजन के साथ बौद्धिक एवं अन्य तरह की जानकारी दी जानी है। इसे लेकर जानकारी ली जाएगी। वहीं जो केन्द्र किराए के भवन में संचालित हो रहा हो तो इसके लिए भी व्यवस्था बनाई जाएगी।

**-श्रीमती अनिता अग्रवाल,**
महिला एवं बाल विकास अधिकारी



# महानदी से रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन, बैराज के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा

### कार्रवाई नहीं होने से रेत माफिया के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण। महानदी का जलस्तर कम होते ही रेत माफिया फिर से सक्रिय हो गए हैं। रेत के अवैध कारोबार में लगे रेत माफियाओं पर लगाम लगाने में जिला प्रशासन पूरी तरफ से फेल साबित हो रहा है। कार्रवाई नहीं होने से रेत माफियाओं के हौसले और बुलंद होते जा रहें हैं। इन दिनों रेत माफिया शिवरीनारायण में बहने वाली महानदी का सीना छलनी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहें हैं। करोड़ो की लागत से निर्मित बैराज के पास रोजाना सैकड़ों की संख्या में ट्रेक्टर पूरे दिन रेत का खुलेआम उत्खनन करते नजर आ रहे हैं।

शिवरीनारायण में रेत घाट को अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। महानदी के भोगहापारा घाट का ठेका खत्म हुए दो साल से ज्यादा का वक्त बीत गया है। रेत घाट की स्वीकृति नहीं मिलने का फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं। लगातार रेत माफिया बेखौफ होकर महानदी के भोगहापारा घाट से रेत का अवैध उत्खनन करने में लगे हुए हैं। अल सुबह से लेकर देर रात तक रेत माफ़िया ट्रैक्टर से अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहें हैं। रेत माफिया मनमाने तरीके से महानदी से रेत निकाल रहें हैं। करोड़ों रुपए की लागत से बने बैराज के करीब से रेत का उत्खनन किया जा रहा है, जिससे बैराज के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। रोजाना रेत माफियाओं द्वारा महानदी से 50 से भी अधिक ट्रैक्टरों के माध्यम से 5 सौ ट्रिप से भी अधिक रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। रेत माफिया अवैध उत्खनन कर मनमाने कीमतों पर रेत बेच रहें हैं। सुबह से लेकर देर रात तक रेत से ओवर लोड ट्रैक्टर नगर के सड़को पर फर्राटे भर रहें हैं। सड़क पर फैले रेत के कारण आए दिन हादसे भी हो रहें हैं, लेकिन न तो खनिज विभाग व राजस्व विभाग द्वारा और न ही जिला प्रशासन द्वारा रेत माफियाओं पर कोई कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई नही होने से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

**कार्रवाई की हो रही खानापूर्ति-** रेत माफियाओं द्वारा नियमों को ताक में रखकर लगातार रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। शिकवा शिकायत पर गाहे बगाहे कार्रवाई की खानापूर्ति की जा रही है।महानदी में अभी तक किसी भी घाट को ना तो खनिज विभाग से अनुमति मिली है और ना ही पर्यावरण विभाग से मंजूरी मिली है। इसके बाद भी शिवरीनारायण के महानदी से रोजाना सैकड़ो ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन बिना रॉयल्टी के हो रहा है। इससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है।

#### जारी रखेंगे कार्रवाई

शनिवार की सुबह अवैध रेत उत्खनन कार्य में लगे दो ट्रैक्टर वाहनों को जप्त किया गया है। रेत का अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

टेकेंद्र नुरूटी,
तहसीलदार शिवरीनारायण



सड़क पर खड़े वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई करती पुलिस।

## दुर्घटना की आशंका में सड़क पर खड़े ट्रेलर और हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

■ बम्हनीडीह पुलिस ने पिपरदा रोड में की कार्रवाई

सड़क पर लापरवाहीपूर्वक खड़े किए गए भारी वाहनों से दुर्घटना की आशंका को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई की है। बम्हनीडीह पुलिस ने 8 ट्रेलर और हाईवा को जप्त कर वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उचित बचाव के लिए जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। हाइवे पेट्रोलिंग वाहन द्वारा जिले के नेशनल हाईवे में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। हाइवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा बीच रोड में लापरवाही पूर्वक खड़े वाहनों के चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम पिपरदा रोड में ट्रेलर, हाईवा वाहन चालकों के द्वारा लापरवाही पूर्वक खड़े किए पाए जाने पर 8 वाहनों को जप्त किया गया। वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 285 बी एन एस के तहत कार्रवाई की गई। कार्यवाही में थाना बम्हनीडीह प्रभारी कृष्णपाल सिंह एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा। दुर्घटनाओं में नियंत्रण एवं कमी लाने के उद्देश्य से इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। जिला पुलिस ने वाहन चालकों से बिना किसी संकेतक लगाए अथवा वैध कारण के अपनी गाड़ी अनावश्यक रूप से रोड पर खड़ी न करने की अपील की है।

### चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** चाकू से प्राणघात हमला करने वाले 3 आरोपियों सहित एक विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटर सायकल को बरामद किया गया। तिलेश्वर भैना 6 जुलाई को अपने दोस्तों के साथ कपडा खरीदने के लिये अकलतरा आया था। लगभग 7 बजे सिघांनिया पेट्रोल पंप के पास प्रभात यादव ऊर्फ भोलू, गब्बर ऊर्फ सुमीत चौहान, संजीव कुमार ऊर्फ चीकू के साथ एक नाबालिग वहां पहुंचा। उन्होंने अमन के साथ अश्लील गाली गलौच कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हत्या करने के नियत से चाकू से पेट में हमला कर दिया। जिससे तिलेश्वर भैना के पेट में गंभीर चोट आई। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, वहीं नाबालिग को किशोर न्यायालय में पेश किया गया।

## छात्रावास अधीक्षिका की शिकायत, जांच में पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

■ विकासखंड बम्हनीडीह के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा का मामला

विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा के प्रभारी अधीक्षिका के खिलाफ हुई शिकायत की अधिकारियों ने जांच की। छात्रावास पहुंचे सहायक जिला समन्वयक और प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जांच की।

गौरतलब है कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा में पदस्थ प्रभारी अधीक्षिका के खिलाफ जन भागीदारी एवं छात्रावास विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के अलावा जिला के उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। प्रभारी अधीक्षिका पर छात्रावास से नदारत रहने का आरोप लगाया गया था। साथ ही मूल विद्यालय में भेजने की मांग भी की गई थी। जिला के उच्च अधिकारियों ने मामले की गंभीरता से लेते हुए निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। शनिवार 16 अगस्त को अंजना सिंह सहायक जिला समन्वयक अधिकारी जांजगीर चांपा एवं उनके साथ में रत्ना थवाईत प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह जांच में पहुंचे। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा के निरीक्षण में पहुंचे। अधिकारियों के निरीक्षण में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा में पहुंचने पर कई प्रकार की खामियां पाई गई। जांच में पहुंचे दोनों अधिकारियों के द्वारा जांच प्रतिवेदन बनाकर उच्च कार्यालय को प्रेषित करने की बात की गई है। इस संबंध में जन भागीदारी एवं छात्रावास विकास समिति के लोगों और अभिभावकों का कहना है कि प्रभारी अधीक्षिका की मनमानी से यहां अध्ययनरत लगभग 150 बालिकाएं को एवं छात्रावास स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




#### सही मिली शिकायत

जांच में शिकायत सही पाई गई है। वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

**-अंजना सिंह,**
सहायक जिला समन्वयक
जांजगीर-चांपा

#### भेजे हैं प्रतिवेदन

निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन उच्च कार्यालय में भेज दिया गया है। कार्यवाही वहीं से होगी ।

**-रत्ना थवाईत,**
प्रभारी बीईओ, बम्हनीडीह

## अलग-अलग ठिकानों से अवैध शराब के साथ पकड़े गए 3 आरोपी

जांजगीर - चाम्पा। अवैध शराब बिक्री करने वाले एक महिला 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिवरीनारायण और जांजगीर पुलिस ने अलग अलग ठिकानों से 22 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 30 पाव देशी प्लेन शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा है। अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुखबिर सूचना पर थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा तुस्मा निवासी महिला आरोपी अनीता बंजारे के कब्जे से 12 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब और बुंदेला निवासी जितेंद्र सिन्हा के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की है। इसी तरह थाना जांजगीर पुलिस द्वारा बिरगहनी निवासी सुरेंद्र कुमार साहू के कब्जे से 30 पाव देशी प्लेन शराब बरामद किया गया। जब्त शराब की कीमत 10 हजार रुपए बताई जा रही है।आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



### कबाड़ में तब्दील हो रही पंचायतों में बनी गुमटियां

# लाखों की लागत से बने अटल व्यावसायिक परिसर का उपयोग नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर व सक्ती जिला के ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए की लागत से बने अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं हो पा रहा है। शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने पंचायतों में कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है, लेकिन कई स्थानों पर दुकाने पड़े पड़े कबाड़ हो रही हैं। कई गांव में आबंटन का पेंच फंसा होने के कारण दुकाने बंद पड़ी हैं। वहीं बहुत से ऐसे भी दुकान हैं, जिनका आबंटन होने के बाद भी उपयोग नहीं किया जा रहा।

गांव के बेरोजगारों को ग्रामीण स्तर पर ही स्वरोजगार से जोड़ने करोड़ों रुपए की लागत से अटल व्यवसायिक परिसर बनाया गया है, लेकिन इन परिसरों का उपयोग सालों बाद भी नहीं हो पा रहा है। इस तरह की स्थिति बहुत से ग्राम पंचायतों में देखने को मिल रही है। बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत कमरीद मे 8 लाख की लागत से पांच अटल व्यवसायिक परिसर बनाया गया है, ताकि गांव के शिक्षित युवा बेरोजगार मोबाइल कंप्यूटर किराना दुकान पान दुकान एवं अन्य संस्थानों का संचालन कर सके, लेकिन दुकानों में ताला लटका हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पिसौद में बना अटल व्यवसायिक परिसर खाली पड़ा हुआ है। बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर में 5 लाख की लागत से बने कॉम्पलेक्स की अधिकांश दुकाने बंद हैं। यहां के व्यवसायिक परिसर भवन का उपयोग भी नहीं किया जा रहा है, जबकि गांव में शिक्षित युवा बेरोजगारों की कोई कमी नहीं है। ग्राम पंचायत तालदेवरी में भी अटल व्यवसायिक परिसर भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत बसुला और लखुर्री में भी अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं हो रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो राज्य शासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवा बेरोजगार गांव स्तर पर ही स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लाखों रुपए खर्च किये गए हैं, लेकिन योजना का क्रियान्वयन ग्राम पंचायतों में नजर नहीं आ रहा है।

**कई जगहों पर अब तक नहीं हो पाया आबंटन-** अटल व्यवसायिक परिसर के उपयोग नहीं होने का सबसे प्रमुख कारण आवंटन में गड़बड़ी को माना जा रहा है। कई पंचायतो में आपसी खिंचतान और विवाद के चक्कर में आवंटन पर पेंच फँसा हुआ है। वहीं कई जगह पर ऐसे लोगो के नाम पर आवंटन हो गया है, जो दुकान चलाने में रूचि नहीं ले रहे। ग्राम पंचायत कमरीद में दुकानों का आवंटन नहीं हो पाया है। इसी प्रकार बंसुला, पिसौद, बोरसी, सेमरिया में भी दुकानें बनाई गई है।




ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग
छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### मॉडर्न हाई स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**हसौद।** मॉडर्न हाई स्कूल हसौद में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन साहू एवं विशिष्ट अतिथि दादूराम सोनवानी थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे नगर में देशभक्ति गीतों और नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को देशप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया।पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय परिवार ने सफलतापूर्वक किया।

### नगर पंचायत नरियरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नरियरा।** नगर पंचायत नरियरा में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष श्रीमती राधिका महेंद्र सहगल ने ध्वाजारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती प्रीति सत्येंद्र दुबे उपाध्यक्ष नगर पंचायत ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत के पार्षद गण उपस्थित थे । सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र पर पुष्प हार अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। अतिथियों द्वारा श्रीफल तोड़ा गया सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में महेश कर्ष दरबार सिंह विधायक प्रतिनिधि समारू टंडन गोविंद पांडे सेलू राम निर्मलकर शशि दास महंत हर प्रसाद यादव श्रीमती विक्की कर्ष राजेश कैवर्त विनीत नोर्गे मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामावन प्रसाद नेताम बसंत यादव भवानी सिंह राकेश साव मनोज साव सनत कुमार साव हिमेंद्र कटकवार सुंदरलाल साहू कुश पटेल ध्रुव बरेठ दिलचंद बंजारे सुशांत बंजारे महेंद्र पाटले राम रतन भैना गोपी प्रसाद निर्मलकर हिमांशु साहू शैलेंद्र राठौर राजेश निर्मलकर कमलेश निर्मलकर महेंद्र लहरें उपस्थित थे। नगर के समस्त शैक्षिक संस्थानों में ध्वजारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नगर में बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य तथा अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विद्युत वितरण केंद्र भारतीय स्टेट बैंक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सेवा सहकारी समिति उप डाकघर सिंचाई विभाग के कार्यलय में भी ध्वाजारोहण किया गया ।

### ग्राम पंचायत ससहा में धूमधाम से मनाया गया आजादी का पर्व



**पामगढ़।** ग्राम पंचायत ससहा में 15 अगस्त को धूमधाम से आजादी का पर्व मनाया गया। ध्वजारोहण पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती कुसुम उत्तरा साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व हमारे लिए गर्व और उत्साह का प्रतीक है। 15 अगस्त केवल तिरंगा फहराने का दिन नहीं,बल्कि हमारे उन सभी वीरों की याद दिलाने वाला दिन है जिन्होंनो अपने प्राणों की आहुति देकर हमें आजादी दिलाई। आज का यह समारोह हमें याद दिलाता है कि आज़ादी सिर्फ एक अधिकार नहीं,बल्कि एक जिम्मेदारी भी है।हमें अपने कर्तव्यो को निभाते हुए देश को आगे बढ़ाना हैं। ध्वजारोहण ग्राम पंचायत भवन अमृत सरोवर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्राथमिक शाला मौहारपारा बालक प्राथमिक शाला शा उ मा विद्या एवं प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला शुक्लाभांठा में भी सरपंच उपसरपंच सचिव रोजगार सहायक एवं समस्त पंचों के साथ उपस्थित होकर ध्वजारोहण में सम्मिलित हुए।

## राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर जगह-जगह आन-बान और शान से फहराया तिरंगा

# स्वतंत्रता दिवस हमारे बलिदानी महापुरुषों को याद करने का दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

लायंस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, अकलतरा ने 79 वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह का स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव ने शिक्षक प्रतिनिधियों और छात्र परिषद सदस्यों के साथ मिलकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया एवं स्कूल के बच्चों के द्वारा परेड निकाल कर सलामी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए सबसे महत्वपूर्ण पर्व होता है। यह दिन हमारे बलिदानी महापुरुषों को याद करने का दिन है। आज के दिन सभी देशवासियों को संकल्प लेना चाहिए कि जिन सपनों को लेकर देश के वीर सपूतों ने हंसते-हंसते अपने प्राणों की बलिदानी दी है हम सब मिलकर उनके सपनों के भारत को साकार करेंगे। वर्तमान में हमारे देश के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं जिसका सामना देशवासियों को आपसी एकजुटता एवं सौहार्द के साथ करना होगा। कार्यक्रम में मार्च पास्ट के माध्यम से चारों सदनों-दयानंद सदन, हंसराज सदन, श्रद्धानंद सदन और विवेकानन्द सदन द्वारा देशभक्ति, सम्मान और गरिमा की लहर प्रदर्शित की गई। सभी टुकड़ियों का निरीक्षण किया गया और उनकी ऊर्जा की सराहना की गई।उत्सव नृत्य और गायन प्रदर्शन के साथ देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ था - नर्सरी से बारहवीं तक के सभी छात्रों के समूह द्वारा जुनून प्रदर्शित किया गया था। सभी नृत्य प्रतिभागियों की रंग-बिरंगी पोशाकों के बीच तिरंगे के बीच अपनी प्रस्तुतियों से स्वतंत्रता सेनानियों, संतों, विद्वानों, शहीदों और देशभक्तों की गौरवगाथा याद दिला दी। कार्यक्रम में अविनाश साहू, लायंस क्लब के अध्यक्ष गगन सिंघानिया, सचिव अनिमेष केडिया, कोषाध्यक्ष मुकेश केडिया,राजेन्द्र शर्मा विनोद सिंघानिया, दीनदयाल अग्रवाल जुगलकिशोर लिखमानिया, नरेश अग्रवाल,नानक अग्रवाल , शाला के शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मार्च पास्ट की सलामी लेते विधायक राघवेन्द्र सिंह।

### शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंधियारीपाठ में ध्वजारोहण

**अकलतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंधियारीपाठ के स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम में पार्सल देवनारायण बरेठ पिंटू के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने देश की आजादी में योगदान देने वाले वीर सपूतों को याद करते हुए भारत माता के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह माध्यम है जिसके द्वारा आप सभी न केवल अपना बल्कि अपने परिवार और समाज का कल्याण करने में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान पिंटू बरेठ के द्वारा अपनी पार्षद निधि से विद्यालय को 25 कुर्सियां प्रदान करने की घोषणा की गई जिसके लिए विद्यालय परिवार ने आपका आभार माना। कार्यक्रम को शाला विकास समिति के अध्यक्ष अमित सिंह चंदेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मंजुला देवांगन के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक छेदीलाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिव नारायण सिंह आमों , भवानी पांडे , शम्मी सागर , अमित दीवार , जितेंद्र सिंह , दिलेश्वर यादव ,पूर्णिमा देवांगन एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### कुंवर भुवन स्कूल में पार्षद पुरुषोत्तम ने फहराया तिरंगा

**अकलतरा।** कुंवर भुवन भास्कर सिंह पूर्व माध्यमिक शाला एवं पंडित सेवा दिन बालक उच्चतर माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा झंडा फहराकर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुरुषोत्तम नामदेव ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ी गई लड़ाई में अनेक वीर सपूतों ने अपना खून दिया है तब जाकर यह आजादी हम सबको प्राप्त हुई है। आज के दिन हम सबको अपनी अंतरात्मा से स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों का आभार प्रकट करना चाहिए। कार्यक्रम को नानक रोहरा, अनिल दुबे, नेवी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में के के बंजारे,नवीन विश्वकर्मा, मदन मोहन सिंह चंदेल ,शाला के शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





### जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण, बच्चों ने देशभक्ति गीत के साथ प्रस्तुत किए नृत्य

**देवरी-सारागांव।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अंचल के सभी ग्राम पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, सेवा सहकारी समिति भवनों, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल सहित क्षेत्र के समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों में मुख्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तिरंगा पूरे गौरव, आन-बान और शान के साथ लहराया। इस अवसर पर अनेक विद्यालयों में बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इन जनप्रतिनिधियों ने किया ध्वजारोहण - ग्राम पंचायत देवरी में सरपंच मनीष कुमार केवट, उपसरपंच रामनाथ टंडन, सचिव बरमलाल साहू एवं रोजगार सहायक दिनेश कुमार भैना, ग्राम पंचायत अमरुवा में सरपंच मुकेश कुमार सागर, उपसरपंच छविलाल मनेवार और सचिव महेत्तर खैरवार, ग्राम पंचायत सोनियापाठ में सरपंच संजय कुमार साहू एवं सचिव अरविंद राठौर, ग्राम पंचायत बघौदा में सरपंच श्रीमती कृतिका प्रीतम बरेठ और सचिव शंकरलाल यादव, ग्राम पंचायत कुम्हारीकला में सरपंच राजेश चौहान, उपसरपंच श्रीमती मंदाकिनी सूखेन बरेठ और सचिव फिरनलाल राज, ग्राम पंचायत लछनपुर में सरपंच राजेश कुमार सूर्यवंशी, उपसरपंच रतनलाल बरेठ एवं सचिव रमाशंकर कश्यप, ग्राम पंचायत कड़ारी में सरपंच श्रीमती उषा संजय दिनकर, जनपद पंचायत सभापति सुरेश कुमार साहू और सचिव छत्रपाल सिंह क्षत्रिय, ग्राम पंचायत खमहिया में सरपंच प्यारेलाल सूर्यवंशी, उपसरपंच श्रीमती कांति ईश्वर बरेठ और सचिव हरनारायण पटेल, ग्राम पंचायत कचन्दा में सरपंच राकेश कुमार राठौर, उपसरपंच श्रीमती पुष्पलता राठौर एवं सचिव पवन देवांगन, ग्राम पंचायत दारंग में सरपंच श्रीमती फटकन बाई संतोष चौहान, उपसरपंच श्रीमती प्रीति साहू और सचिव मनहरण कंवर, ग्राम पंचायत दुरपा में सरपंच श्रीमती सपना सहस चौहान, उपसरपंच परमेश्वर (धन्नू) यादव एवं सचिव नंदकिशोर सूर्यवंशी, ग्राम पंचायत चोरिया में सरपंच बटदेव उरांव, उपसरपंच गनपत उरांव और सचिव जयराम यादव ने ध्वजारोहण किया।

## शासकीय व अर्ध शासकीय संस्थाओं में फहराया तिरंगा

**जैजैपुर।** 79 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ आजादी के महापर्व को मनाते हुए शासकीय अर्ध शासकीय संस्थाओं में आन बान शान से तिरंगा फहराया गया। सूरज के पहले किरणो के साथ शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखो ने छात्र छात्राओं को शाला गणवेश में बुलाकर प्रभात फेरी निकाल कर नगरों का भ्रमण करा भारत माता एवं स्वतंत्रता के सेनानियों के तैलचित्र मे पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित करते हुए राष्ट्रीय गान के साथ भारत माता की जय घोष एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ वीर शहीद सुभाष चंद्र बोस चंद्रशेखर आजाद सरदार भगत सिंह सहित स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले शहीदों को याद करते हुए हर्षोल्लास वातावरण में ध्वजारोहण किया गयापश्चात संस्थानों में मिष्ठान भी वितरण कराए गए । सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं प्रभात फ्री निकालकर ने प्रभात फेरी निकाल कर नगरों का भ्रमण करते हुए साला प्रांगण में एकत्रित हो ग्राम भारती जिला उपाध्यक्ष हिमांशु दुबे के हर्षोल्ला के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर निखिल कुमार तिवारी, आशीष चंद्र, आचार्य लता चंद्रा, अनिषा प्रजापति, खुशी महंत, यासीन नगमा सहित शाला परिवार उपस्थित थे इसी तरह संस्कार विद्या मंदिर के संचालक काशी चंद्रा ने अपने संस्थान में छात्र-छात्राओं को एकत्रित कर प्रभात फेरी निकाल कर नगर का भ्रमण करते हुए शाला प्रांगण पहुंच स पिता महात्मा गांधी सहित वीर शहीदों के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रगान कर हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया वही अपने अपने सेवा सहकारी समिति में समिति के अध्यक्षों ने तिरंगा फहरा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को बहुत ही धूमधाम से मनाया। वही शासकीय संस्थाओं में संस्था प्रमुखों ने झंडा रोहण किया।




### उपपंजीयक कार्यालय में नहीं हुआ ध्वजारोहण, रहे अनुपस्थित

राष्ट्रीय पर्व मनाने हर संस्था प्रमुख समय पूर्व तैयारी में लगे हुए थे। वे अपने कार्यालय की साफ-सफाई रंगाई पुताई के साथ बिजली के झालरों से कार्यालय को सजाया हुआ था। चाहे वह शासकीय संस्था का मामला हो या अर्ध शासकीय शैक्षिक संस्थान परंतु जैजैपुर के एक शासकीय संस्थान उप पंजीयक कार्यालय के प्रमुख गोपाल मेहर ने राष्ट्रीय पर्व को मनाने में व्यापक उदासीनता बरती है। उनके द्वारा कार्यालय खोलकर झंडा रोहण करना तो दूर की बात उनके द्वारा न तो कार्यालय के सामने साफ सफाई कराया गया और न हीं ध्वजारोहण किया। इस दिन अनुपस्थित रहे। उनके इस प्रकार की क्रियाकलापों से गया जनसामान्य के मध्य व्यापक असंतोष देखा गया। जिला प्रशासन से राष्ट्रीय पर्व को लेकर बरती गई उदासीनता को लेकर क्षेत्र वासियों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।



### जनपद मुख्यालय से लेकर गांव गांव में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस का उत्सव



**मालखरौदा।** क्षेत्र के जनपद मुख्यालय से लेकर गांव गांव में स्वतंत्रता दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया इसी तरह 15 अगस्त को जनपद पंचायत मालखरौदा के परिसर में जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा द्वारा सभी महापुरुषों के तेल चित्र पर माल्यार्पण तथा भारत माता का पूजा उपरांत तिरंगा झंडा फहराया गया इस अवसर पर भारत माता की जय तिरंगे झंडे की जय के नारो से पूरा परिसर गुज उठा। इस स्वतंत्रता दिवस समारोह में बड़ी संख्या में पीएम श्री आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्रा शिक्षक भी शामिल हुए। अंत में सभी को प्रसाद वितरित भी किया गया, जहां इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सोना एकलव्य चंद्रा, जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू, संचार संकर्म समिति के सभापति मनोज सक्सेना, महिला में बाल विकास विभाग के सभापति खीक बाई मनहर ,सभापति मनोरमा चंद्रा, बड़ी संख्या में जनपद सदस्य के अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कश्यप ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी कर्मचारी के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसानों के बच्चों को मिला प्रतिभा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

बहेराडीह में स्थापित किसान स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन तृतीय वर्ष किया गया, जिसमें बहेराडीह गांव में पांचवी, आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले 12 बच्चों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारम्भ एडिशनल एसपी उदयन बेहार, अकलतरा के धावक परसराम गोड़, विश्व हिन्दू परिषद व दुर्गा वाहिनी की प्रान्त सह संयोजिका इंजीनियर मंजूषा पाटले, जिला भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक मणिकांत अग्रवाल, जनपद सदस्य चुड़ामणि राठौर, समाजसेवी अजय अग्रवाल, अधिवक्ता मोहन साहू ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती और वरिष्ठ कुंजबिहारी साहू के तैलचित्र के समक्ष द्वीप प्रजवलित करके किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उदयन बेहार ने कहा कि जिले के एक छोटे से गांव बहेराडीह में देश का पहला किसान स्कूल वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू के नाम पर संचालित होना और विगत तीन साल से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिभावान बच्चों का उनकी स्मृति में सम्मान किया सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि हरेक व्यक्ति को कम से कम एक बार किसान स्कूल का जरूर भ्रमण करना चाहिए, जहां पर कृषि संस्कृति को संजोकर रखने में किसान स्कूल टीम की जितनी तारीफ किया जाय, शायद कम ही होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अकलतरा के धावक परसराम गोड़ ने कहा कि किसान स्कूल में किसान के बेटा और बेटियों का प्रतिवर्ष सम्मान किया जाना सराहनीय पहल है, जहां पर ऋषि, कृषि संस्कृति का अपने आप में एक मॉडल है। कार्यक्रम को विश्व हिन्दू परिषद व दुर्गा वाहिनी की सह संयोजिका इंजीनियर मंजूषा पाटले, जिला भाजपा ब्यावसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक मणिकांत अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव और आभार सरपंच चंदा सरवन कश्यप ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी अजय अग्रवाल, भागवत देवांगन, बिहान की सक्रिय महिला ललिता यादव, पशु सखी पुष्पा यादव, सपना कश्यप, बैंक मित्र सुमित्रा यादव, पुष्पा यादव, सरोजनी यादव, साधना यादव, रामबाई यादव, उर्मिला यादव, जोतराम यादव, राजाराम यादव, हेमपुष्पा कश्यप, विकास साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील किसानों का सराहनीय योगदान रहा।



अतिथियों के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते छात्र-छात्राएं।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी हसौद जिला सक्ती (छ.ग.)**

ग्राम हरेठीखुर्द प.ह.नं. 06
दिनांक 11.08.2025

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/श्रीमती कु. उत्तरा कुमार पिता/ पति श्री एकादशिया जाति तेली निवासी हरेठीखुर्द तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पिता एकादशिया के मृत्यु दिनांक 03.08.2012 स्थान ....पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22.08.2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार्य नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.08.2025 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियों के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बनौधा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) पंजीयन हेतु नं. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब की थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना.
किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज,
आधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखो की जाँच
बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
आँखों के मांस / नाखून का ऑपरेशन
काँच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन
दाँतों की जड़ों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं स्केलिंग
बड़ों एवं बच्चों के दाँतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बनौधा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) पंजीयन हेतु नं. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


बिर्रा एवं आस पास के क्षेत्र में
समाचार एवं विज्ञापन हेतु संपर्क करें
डी.एन. देवांगन
हरिभूमि प्रतिनिधि बिर्रा
मो. नं. 9424280197
अभिषेक कुमार देवांगन
सहयोगी एवं
एलआईसी बीमा अभिकर्ता, बिर्रा


भारत वर्ष की आजादी के
79वें स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Career Point kids school, birra
B. L. Sagar
Director


प्रवेश प्रारंभ
संचालित कक्षाएं
नर्सरी से 8 वीं
(अंग्रेजी माध्यम)
देव
पब्लिक स्कूल
बसंतपुर बिर्रा
जिलाः जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
8085280834,8085280835,8085280836


भारत वर्ष की आजादी के
79वें स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कुश पटेल
प्रदेश अध्यक्ष - जन बादी पार्टी ( J.B.P.)
जय शंकर पान्डे जी- छत्तीसगढ राष्ट्रीय अध्यक्ष


भारत वर्ष की आजादी के
79वें स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
केशवानी हार्डवेयर बिर्रा फ्लाई एश ब्रिक्स
घनश्याम प्रसाद केशवानी
मो. 9179125299


भारत वर्ष की आजादी के
79वें स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शा. डी. डी. एस. उ. मा. वि. बिर्रा
सुनील कुमार कुर्रे
प्रभारी प्राचार्य


भारत वर्ष की आजादी के
79वें स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
छत्रपाल सूर्यवंशी
पटवारी हल्का नंबर 08, 09, 10
मुख्यालय किकिरदा, करही, मल्दा तहसील हसौद


भारत वर्ष की आजादी के
79वें स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जीनियस पब्लिक इंग्लिश मीडियम
हायर सेकेण्डरी स्कूल, बिर्रा
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
एल.आर.साहू
संचालक


भारत वर्ष की आजादी के
79वें स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल, बिर्रा
एस एल चंद्रा
संचालक


भारत वर्ष की आजादी के
79वें स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बुधेश्वर कुमार कश्यप
शिक्षक
(ज्ञान दीप पुरस्कृत) बिर्रा


भारत वर्ष की आजादी के
79वें स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति
मर्यादित बिर्रा
पंजीयन क्र.1012
कांशी राम कश्यप
विक्रेता
दीपक देवांगन
ऑपरेटर
फिरू यादव
चौकीदार
नरेन्द्र सिंह ठाकुर
संस्था प्रबंधक
संतोष कश्यप
प्राधिकृत

## खबर संक्षेप

### दिवंगत परिवार को 50 किलो चावल एक हजार रुपए की दी सहयोग राशि



**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत लछनपुर में 15 अगस्त शुक्रवार को गांव के निवासी राजू बरेठ के पिता स्वर्गीय बाबूलाल बरेठ के दशगात्र कार्यक्रम के लिए ग्राम पंचायत द्वारा सरपंच राजेश कुमार सूर्यवंशी ने सामाजिक सहयोग की भावना दिखाते हुए उनके घर पहुंचकर मदद प्रदान की। सरपंच ने दिवंगत परिवार को 50 किलोग्राम चावल और 1000 रुपए की नगद राशि दी गई। इस सहयोग से शोक संतप्त परिवार को दशगात्र कार्यक्रम संपन्न कराने में सहूलियत मिलेगी। सरपंच ने कहा कि ग्राम पंचायत हमेशा हर खुशी और दुख में ग्रामीणों के साथ खड़ी है। गांव में आपसी सहयोग और एकजुटता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य रखने की बात कही। वहीं, ग्रामीणों ने सरपंच के इस सहयोगात्मक कदम की सराहना की और इसे गांव की सामाजिक एकजुटता का उदाहरण बताया।

### गुरु बालक दास ने दिया समाज में समानता व भाईचारा का संदेश



**अकलतरा।** प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी ग्राम बरगवां में राजा गुरु बालक दास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास भारद्वाज ने किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ के संत बाबा गुरु घासी दास के द्वितीय सुपुत्र राजा गुरुबालक की जन्म 1805 ऐसे समय में हुआ जब भारत देश गुलाम था। वे बचपन से ही बुद्धिमान थे। उन्होने समाज मे समानता भाईचारा का संदेश देते देते अपने सतनाम आंदोलन को आगे बढ़ाया उनके सतनाम आंदोलन एवं मनखे मनखे एक समान संदेश दिया। जिसे देखकर अंग्रेजो ने उन्हे हाथी तलवार दे कर राजा शब्द से सम्बोधित किया, तब से उन्हें शूर वीर महान प्रतापी राजा गुरुबालक से जाना जाता है। कार्यक्रम में रामपाल भारद्वाज, सुखसागर भारद्वाज, यशवंत, लक्ष्मी प्रासाद, भकाचंद, इतवारी, रमेश, प्रदीप, मनोज, विशवानंद,प्रशांत, सोनू, आशीष, राहुल, धीरेन्द्र, लाला, हरिकृष्ण, संतोष, रवि, सुकृता, मालती, राजकुमारी, पूजा,रंजीता, सीमा, सुषमा,धारणी, सरोजनी एवं समाज के लोग संख्या में उपस्थित थे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों ने निकाली मनमोहक झांकी



**बिर्रा।** कृष्णजन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर दाऊमुहल्ला के कश्यप निवास में बच्चे कृष्ण और राधा के वेशभूषा में झूला का आनंद लेते दिखाई दिए। इनके वेशभूषा साज सज्जा श्रद्धालु के लिए आकर्षण का केंद्र बिन्दु रहा। सभी ने राधा कृष्ण की साज सज्जा और वेशभूषा का खूब सराहा। बाल कृष्ण में ओम कर्ष, अभिनव कश्यप, जयकुमार, अक्षित कश्यप, देवांश लक्ष्य कश्यप वहीं राधा के वेशभूषा में कुमुदिनी कर्ष, पूर्वी कर्ष, दिव्यांश कश्यप सजे धजे नजर आए।

### दिशा-निर्देश के बाद भी गाइड लाइन का नहीं हो रहा पालन

# सरकारी एवं निजी अस्पतालों के डॉक्टर लिख रहे जेनेरिक की जगह ब्रांडेड दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के ज्यादातर सरकारी एवं निजी डॉक्टर मरीजों के लिए जेनेरिक दवा लिखने के बजाय ब्रांडेड दवा लिख रहे। ऐसे में मजबूरन मरीज एवं उनके परिजनों को अधिक दामों में दवाई खरीदने की मजबूरी बनी हुई है, जबकि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर श्री धन्वंतरि जनरल मेडिकल स्टोर्स की शुरूआत की जा चुकी है।

गौरतलब है कि जिले के ज्यादातर सरकारी एवं निजी डॉक्टर अस्पताल में उपचार कराने वाले मरीजों के लिए सस्ती जेनेरिक दवा के बजाय ब्रांडेड दवा लिख रहे हैं। ऐसे में मध्यम एवं गरीब वर्ग से आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों के लिए महंगे दामों में ब्रांडेड दवा खरीदना मुश्किल हो जाता है। राज्य शासन के स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा शहरी क्षेत्र में रहने वाले मध्यम एवं गरीब वर्ग के लोगों को सस्ते दामों में जेनेरिक दवा प्राप्त हो सके इसके लिए जिले के चार नगर पालिका एवं 11 नगर पंचायतों में श्री धनवंत्री मेडिकल स्टोर की शुरुआत की गई है। इस मेडिकल स्टोर खोलने का प्रमुख उद्देश्य लोगों को कम दामों में सस्ती दवा उपलब्ध करानी है, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मरीजों का उपचार करने वाले डॉक्टर ब्रांडेड दवा लिख रहे हैं, जबकि शासन के आदेश के मुताबिक मरीज एवं उनके परिजनों के लिए जेनेरिक दवा लिखा जाना है, लेकिन इस आदेश का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में इसका लाभ मरीज एवं उनके परिजनों को नहीं मिल पा रहा। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित चांपा, सक्ती ,अकलतरा, बलौदा, मालखरौदा, बाराद्वार सहित अन्य क्षेत्रों में जेनेरिक दवा दुकान खोला गया है, लेकिन जानकारी एवं डॉक्टरों की लापरवाही के कारण इसका लाभ जरूरतमंद मरीज एवं उनके परिजनों को नहीं मिल पा रहा है। जांजगीर, अकलतरा, सक्ती, बाराद्वार चांपा आदि क्षेत्रों में सरकारी एवं निजी डॉक्टर मरीजों का उपचार करते हैं, लेकिन वे मरीजों के लिए ब्रांडेड दवा लिख देते है, जिसका लाभ मेडिकल दुकान संचालक एवं डॉक्टरों को होता है, लेकिन मरीज इससे महरूम रह जाते हैं। जिले के सरकारी एवं निजी अस्पतालों में ज्यादातर मरीज उपचार कराने के लिए डॉक्टर के पास जाते हैं लेकिन वह जेनेरिक दवा नहीं लिखते हैं।



### मेडिकल एवं जेनेरिक दवा के दामों में अंतर

जिले में 800 से अधिक मेडिकल दुकान संचालित है वहीं जेनेरिक दवा दुकानों की संख्या 15 है। मेडिकल एवं जेनेरिक दवा के दामों में काफी अंतर रहता है। मेडिकल में जहां पेरासिटामोल टेबलेट की कीमत 10 रुपया 20 पैसा है जबकि जेनेरिक दवा की कीमत 3 रुपया 88 पैसा है। इसी प्रकार निमोस्लाइड की कीमत मेडिकल स्टोर में 10 रुपया 50 पैसा है वहीं जेनेरिक दवा दुकान में इस दवा की कीमत साथ रुपया 50 पैसा है। डस्टिंग पाउडर मेडिकल में 116 रुपया है जबकि जेनेरिक दवा दुकान में इसकी कीमत रुपया 8 पैसा है, सेटिृजीन 18 रुपया 48 पैसा वहीं जेनेरिक में सात रुपया दो पैसा है। मल्टीविटामिन सिरप की कीमत मेडिकल 169 रुपया है जबकि धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में इस दवा की कीमत 64 रुपया 22 पैसा. डाइक्लोविन प्लस मेडिकल में रुपया 105 रुपया तो वहीं जेनेरिक दवा की कीमत 39 रुपया 90 पैसा है। सिप्रो क्लोरीन मेडिकल स्टोर में 39 रुपया 75 पैसा तो जेनेरिक दवा की कीमत 15 रुपया 11 पैसे है।

### जारी किए हैं दिशा निर्देश

सरकारी एवं निजी अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टरों को मरीजों को सस्ती जेनेरिक दवा उपलब्ध करानी है ताकि गरीब एवं मध्यम वर्ग से आने वाले लोग सस्ते दामों में दवा खरीद सकें। इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी किया गया है।

-डॉ. मनोज बर्मन,
सीएमएचओ
जांजगीर चांपा



## इंडियन आइडल फेम मेनुका ने देशभक्ति गीतों से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला में आजादी के 79 वर्ष की पूर्व संध्या एक शाम शहीदों के नाम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंडियन आइडल से प्रसिद्ध हुई ब्लाइंड गायिका मेनूका पौडेल ने प्रस्तुति दी।

आडिटोटियम मेंआयोजित कार्यक्रम में मेनुका पौड़ेल ने देश भत्ति गीतो से साथ साई भजन और अपने एल्बम के गानो से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी नृत्य से सबका मन मोह लिया। वहीं कार्यक्रम के बाद ईशिका लाईफ फाउंडेशन के संस्थापक गोपाल शर्मा के द्वारा जिले के रिटायर्ड सैनिक, पुलिस कमी, देह दानी, नेत्र दानी, गौ सेवक और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर जन्मेजय महोबे और एस पी विजय कुमार पाण्डेय द्वारा रिटायर्ड सैनिकों और पुलिस कमियों का शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया और जिले में पत्रकारिताके क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने पत्रकारों का सम्मान किया। मेनुका पौडेल ने कार्यक्रम के आयोजको को जांजगीर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद किया और देश भक्ति सेओत प्रोत इस कार्यक्रम में पहुंचे दर्थकों का भी आभार जताया।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 20 तक

**हसौद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 11वीं कॉमर्स संकाय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाईन/ऑफलाइन आवेदन भरे जा रहे हैं। अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ाई गई है। प्रवेश प्रक्रिया के लिए वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सी.बी.एस.ई. राज्य सरकार अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 10वीं की परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अर्जित किए हों एवं गणित विषय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। साथ ही पात्र विद्यार्थियों की जन्मतिथि 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन कर सकते हैं।

## परमेश्वरी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित विद्यालय परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती में श्रीकृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रेखा देवांगन कोषाध्यक्ष, परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति, नम्रता देवांगन एवं प्राचार्य एम. विकास देवांगन द्वारा के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण एवं श्रीकृष्ण जी की आरती कर नन्हे-मुन्हे कान्हा-राधा के द्वारा केक कर किया गया।

इस अवसर पर अपेक्षा ग्रुप के द्वारा रीमिक्स सांग में डांस, कक्षा 5 वीं से सौभाग्या के द्वारा श्याम आओ में सोलो डांस, कक्षा 6 वीं से युक्ति ग्रुप के द्वारा रीमिक्स सांग में डांस, कक्षा 7 वीं से काव्या ग्रुप के द्वारा रीमिक्स सांग में डांस, योगिता के द्वारा सोलो डांस, कक्षा 8 वीं से जागृति एवं कृतिका के द्वारा रीमिक्स सांग में डांस आदि मनमोहक डांस प्रस्तुत किया गया



एवं विद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं के द्वारा गो गोविंदा सांग में बहुत सुंदर डांस किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभअवसर पर विद्यालय प्रांगण में कक्षा नसरी से कक्षा 2 फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कक्षा पहली से पांचवीं थाली सजाओ, बांसुरी सजाओ, मटका सजाओ एवं मटका तोड़ प्रतियोगिता, कक्षा 6वीं से 10वीं, बांसुरी सजाओ, फूलों की माला बनाना, मुकुट सजाओ, झुला सजाओं प्रतियोगिता एवं मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप देवांगन एवं लक्ष्मी प्रधान द्वारा किया गया।

## पंचायत राज अधिकारी कर्मचारी संघ का विभिन्न विषयों पर प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी कर्मचारी संघ फेडरेशन की महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण बैठक प्रांत अध्यक्ष तुलसी साहू की अध्यक्षता में 17 अगस्त को जूम गूगल एप के माध्यम से आयोजित किया गया।

- छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी कर्मचारी संघ फेडरेशन के जूम बैठक आयोजित

जूम गूगल से जुड़े 100 प्रतिनिधियों के बीच संघ के महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा किया गया। विधानसभा चुनाव के समय भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष एवं उनके चुनाव घोषणा समिति के अध्यक्ष द्वारा पंचायत सचिवों की मांगे मोदी की गारंटी में शामिल करते हुए 100 दिन के भीतर सभी पंचायत सचिवों को शासकीय कारण करने हेतु, उनकी मांग को पूर्ण करने हेतु वादा किया गया था, जिसमें आज तक कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया गया एवं ना ही मांग पूर्ण किया गया। बैठक में फेडरेशन में सम्मिलित पंचायत विभाग के अधिकारी ,करारोपण अधिकारियों का विभागीय सेटअप आज तक तैयार नहीं किया गया एवं ना ही शासन से इस संबंध में कोई पहल किया गया, जिसके कारण पूरी सेवा काल में किसी भी करारोपण अधिकारियों का विभागीय पदोन्नति नहीं हो पा रही है तथा 70 प्रतिशत करारोपण अधिकारी बिना पदोन्नति के, उस पद पर ही सेवानिवृत हो रहे हैं छत्तीसगढ़ प्रदेश में यह पहला पंचायत विभाग है, जिसका आज दिनांक तक अधिकारी कर्मचारियों का विभागीय सेटअप शासन से स्वीकृत नहीं हुआ है जबकि शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाएं पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से ही धरातल पर सफल हो रही है। फेडरेशन में सम्मिलित ग्राम रोजगार सहायक संघ की मांगों सहित अन्य मांगों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया।अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 20 अगस्त बुधवार को रायपुर प्रदेश कार्यालय में सभी जिला के फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित होकर संघ की मांगों के संबंध में मांग पत्र पुनः एक बार विभाग के पंचायत मंत्री, पंचायत सचिव एवं विभाग के संचालक छत्तीसगढ़ शासन को सौंपा जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू, कार्यकारी अध्यक्ष गजेंद्र यदु, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष लकेश यादव, श्यामबिहारी चौहान ग्राम रोजगार सहायक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहित 100 से अधिक प्रतिनिधि सदस्य उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

## देश की एकता, अखंडता व संस्कृति की सुरक्षा को लेकर करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन एबीवीपी जांजगीर-चांपा के कार्यकर्ताओं द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आयोजित किया अखंड भारत संकल्प दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम

विद्यालय चांपा में छात्रों के बीच भारत-पाकिस्तान विभाजन दिवस पर अखंड भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य प्रवक्ता के रूप में विद्या भारती जिला प्रतिनिधि एवं सेवानिवृत शिक्षक रविंद्र सराफ रहे एवं विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान में रायगढ़ विभाग प्रमुख प्रोफेसर अरुण गुप्ता व जिला विद्यार्थी विस्तारक ताम्रध्वज साहू की विशेष उपस्थिती रही इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारत विभाजन के समय देश में हुए उस अमानवीय घटना नरसंहार एवं विभाजन के तमाम कारण व देश को हुए नुकसान को लेकर बच्चों के बीच वक्तव्य के माध्यम से जानकारी रखी गई एवं वर्तमान में भारत को पुनः अखंड एवं विकसित बनाने में विद्यार्थियों की क्या भूमिका हो सकती है उस पर प्रकाश डाला गया तथा छात्र-छात्राओं को हमेशा देश हित में कार्य करने यहां की एकता अखंडता संस्कृति की सुरक्षा को लेकर सदैव जागरूक रहने का आवाहन किया गया। इस कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में एबीवीपी कार्यकर्ता कपिल द्विवेदी, नमन कामदार, मानस सिंह, प्रशांत राजपूत, निखिल राठौर, शिवांश सुमन माली, प्रवीण महंत किशन देवांगन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि।

## पुण्यतिथि पर अटल बिहारी को किया याद

**शिवरीनारायण।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शनिवार को नगर में श्रद्धा और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शबरीधाम शिवरीनारायण स्थित बस स्टैंड परिसर में बने 'अटल परिसर' में नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके कार्यों को स्मरण किया।




अध्यक्ष राहुल थवाईत ने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी ऐतिहासिक योजनाओं से गांव-गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। आज हर गांव में अटल चौक स्थापित है, वहीं नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगमों में उनकी प्रतिमाएं लगाई जा रही हैं। इसी कड़ी में शिवरीनारायण मेला महोत्सव के अवसर पर 'अटल परिसर' का लोकार्पण प्रदेश के उप मुख्यमंत्री द्वारा किया गया, जो अटल जी की स्मृति को अमर बनाए रखेगा। भाजपा मंडल शिवरीनारायण के महामंत्री विष्णु हरि गुप्ता ने कहा कि भारत रत्न अटल भाजपा के संस्थापक, सच्चे जनसेवक और भारत रत्न से सम्मानित महान नेता थे। पत्रकार संतोष अग्रवाल ने कहा कि सन 2000 में प्रधानमंत्री रहते हुए अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य के सपने को साकार किया। 1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश से अलग होकर भारत का 26वां राज्य बना। अग्रवाल ने कहा कि यह उपलब्धि अटल जी की ऐतिहासिक देन और छत्तीसगढ़ की जनता को मिली सबसे बड़ी सौगात है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल शिवरीनारायण के महामंत्री विष्णुहरि गुप्ता, उपाध्यक्ष सरस्वती मिलाप साहू, पार्षद अंकुर गोयल, स्नेहलता सोनी, विक्की सोनी, सत्येंद्र केवट, ललित कश्यप, चिराग केशरवानी, कृष्णा केशरवानी, गौरव केशरवानी, मिलाप साहू, रामकुमार श्रीवास सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ ही दिव्या यादव, छेदीलाल कश्यप, प्रकाश सोनी और ओमकार सोनी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके योगदान को याद किया।

# स्टॉप वोट चोरी अभियान की युकां ने की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा फर्जी तरीके से मतदाता सूची बनाकर वोटों की चोरी करने के खुलासे के बाद पूरे देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने की आवाज उठने लगी है। इसी कड़ी में जिला युवा कांग्रेस द्वारा जिले में स्टॉप वोट चोरी अभियान की शुरुआत की गई है।

**खास बात**

- कचहरी चौक में वाहनों, ठेलो और दुकानों में स्टीकर चिपकाकर लोगों को दी जानकारी

जिला युकां अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व तथा क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप, इंका नेता दिनेश शर्मा, कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिंह सिसोदिया, जिला कांग्रेस महासचिव अजीत सिंह राणा, राधे थवाईत, पार्षदगण विष्णु यादव, अरमान खान, देवराज सिंह, श्रीमती रेखा सोनवान, रक्षा धीरज सिंह बैस, जगदीश्वरी सूर्यवंशी, अक्षय टेकाम, विजय अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी परमेश्वर निर्मले, राजा सिद्दीकी, भोलू यादव, अनिल राठौर, सौरभ सिंह, राजा खान सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ स्टॉप वोट चोरी कैंपेन की शुरुआत की। इस दौरान कचहरी चौक में वाहनों, ठेलो और दुकानों में स्टॉप वोट चोरी लिखा स्टीकर चिपकाए गए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग पर आरोप भी लगाए। युकांईयों ने कहा पूरे देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा बुलंद हो रहा है। युवा कांग्रेस का यह अभियान बूथ स्तर तक भी पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में मिथुन राठौर, नरसिम्हा यादव, गुड्डू पठान, दुष्यंत यादव, जितेन्द्र दिनकर, पिंटू श्रीवास, राजकुमार सारथी, लालू सारथी, फिरेत सारथी, वीरेंद्र श्रीवास, कृष्णा प्रजापति और कमलेश ताम्रकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



कचहरी चौक में वाहनों, ठेलो और दुकानों में स्टीकर चिपकाकर लोगों को जानकारी देते विधायक एवं अन्य।




